# लोकतंत्र के परिणाम Important Questions || Class 10 Social Science (Civics) Chapter 7

## 1 अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 1 लोकतंत्र की परिभाषा लिखिए।**

**उत्तर:** अंक वाले प्रश्न जनता का शासन, जनता के लिये व जनता के द्वारा

**प्रश्न 2 तानाशाही का समर्थन करने वाली विचारधारा को क्या कहते हैं ?**

**उत्तर:** निरंकुशतावाद

**प्रश्न 3 लोकतंत्र अच्छा क्यों है ?**

**उत्तर:** यह नागरिकों को समानता का अधिकार देता है।

**प्रश्न 4 किस प्रकार की सरकार सबसे बेहतर मानी जाती है ?**

**उत्तर:** लोकतांत्रिक सरकार।

**प्रश्न 5 'नागरिक स्वतंत्रता' क्या है ?**

**उत्तर:** नागरिकों के मौलिक अधिकार जिनकी रक्षा कानून करता है।

**प्रश्न 6 सामाजिक असमानता का कोई एक रूप लिखिए।**

**उत्तर:** लिंग भेद, जातिभेद आदि।

**प्रश्न 7 बहुमत के शासन का क्या अर्थ है ?**

**उत्तर:** बहुमत का निर्णय होना।

**प्रश्न 8 कुछ लोगों का अथवा एक दल का शासन क्या कहलाता है ?**

**उत्तर:** तानाशाही या एक दलीय शासन व्यवस्था।

## लघु दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

**प्रश्न 1 लोकतंत्र की विशेषताएँ लिखिए ?**

**उत्तर:**

- नागरिकों में समानता को बढ़ावा देता है।
- व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है।
- इससे फैसलों में बेहतरी आती है।
- इसमें गलतियों को सुधारने का अवसर होता है।
- टकराव को सुलझाता है।

**प्रश्न 2 लोकतांत्रिक व्यवस्था को तानाशाही से बेहतर क्यों माना जाता है ?**

**उत्तर:**

- लोकतंत्र में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होते हैं।
- लोकतंत्र में नीति तथा निर्णयों पर खुली बहस होती है।
- लोकतंत्र में वैध सरकार होती है।
- लोकतंत्र में नागरिकों की स्थिति बेहतर होती है।

**प्रश्न 3 लोकतंत्र के सामाजिक परिणाम लिखिए ?**

**उत्तर:**

- लोकतांत्रिक व्यवस्था सद्भावनापूर्ण जीवन उपलब्ध कराती है।
- इसमें सामाजिक टकरावों की संभावना कम रहती है।
- व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है।
- लोकतंत्र में समाज के कमजोर वर्गों को समानता का दर्जा देने पर बल दिया जाता है।

**प्रश्न 4 लोकतंत्र किस प्रकार एक वैध सरकार को जन्म देता है ?**

**उत्तर:**

- लोकतान्त्रिक सरकार एक जवाबदेह सरकार है।
- नागरिकों को, निर्णय निर्माण प्रक्रिया की जाँच करने के अधिकार और साधन प्राप्त होते हैं।
- लोकतंत्र एक जिम्मेदार सरकार है। यह नागरिकों के विचारों और उम्मीदों का ध्यान रखती है।
- लोकतांत्रिक सरकार एक वैध सरकार है क्योंकि यह जनता द्वारा चुनी जाती है।

**प्रश्न 5 लोकतंत्र किस प्रकार नागरिकों को शांतिपूर्ण और सद्भावनापूर्ण जीवन देता है ?**

**उत्तर:**

- प्रत्येक नागरिक को मत देने और चुनाव लड़ने का अधिकार है।
- यह नागरिकों को सामाजिक समानता उपलब्ध कराता है।

https://www.evidyarthi.in/

- लोकतंत्र टकरावों तथा आपसी मतभेद को समाप्त करने में मदद करता है।
- लोकतंत्र में बहुमत को सदा अल्पमत के साथ काम करने की जरूरत होती है ताकि सरकार सभी की इच्छाओं का प्रतिनिधित्व कर सके।

**प्रश्न 6 लोकतंत्र नागरिकों की गरिमा को कैसे बनाये रखता है ?**

**उत्तर:**

- लोकतंत्र सम्मान एवं स्वतंत्रता की भावना को जन्म देता है।
- लोकतंत्र में सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार किया जाता है।
- लोकतंत्र ने महिलाओं को पुरूषों के समान दर्जा प्रदान किया है।
- लोकतंत्र में जाति आधारित असमानताओं एवं क्रूरताओं का कोई नैतिक एवं कानूनी आधार नहीं है।

**प्रश्न 7 शिकायतें किस प्रकार लोकतंत्र को सफल बनाने में सहयोग देती हैं ?**

**उत्तर:**

- बहुत समय से स्त्रियों को समान अधिकार, न्याय और स्वतंत्रता से वंचित रखा गया था। मगर 'लोकतंत्र ने सभी अधिकार सुनिश्चित कर दिये।
- समाज के कमजोर वर्गों के लिए विशेष प्रावधान करना।
- उचित प्रतिनिधित्व देने से विभिन्न जातीय समूहों के बीच टकराव कम हुआ है। मतभेदों को दूर करने के लिए लोकतंत्र संवैधानिक तरीका उपलब्ध कराता है।

**प्रश्न 8 लोकतंत्र के सिद्धान्तों को जीवन के सभी क्षेत्रों में कैसे लागू किया जा सकता है ?**

**उत्तर:**

- किसी लोकतांत्रिक फैसले में उन सभी लोगों से राय- विचार करने तथा सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल है जो इस फैसले से प्रभावित होने वाले हैं।
- सभी व्यक्तियों को निर्णय निर्माण प्रक्रिया में भाग लेने का समान अधिकार है।
- किसी भी धनी या शक्तिशाली व्यक्ति को विशेष अधिकार प्राप्त नहीं है।

**प्रश्न 9 तानाशाही सरकार की तुलना में लोकतांत्रिक सरकार की कमियाँ बताएँ।**

**उत्तर:**

- तानाशाही की तुलना में लोकतंत्र में निर्णय लेने में कुछ अधिक समय लगता है क्योंकि तानाशाही में औपचारिकता नहीं होती।
- तानाशाही सरकार की तुलना में लोकतांत्रिक सरकार ज्यादा खर्चीली है क्योंकि यहाँ निश्चित अवधि के बाद चुनाव होते है।
- तानाशाही में उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार हो सकता है परंतु लोकतंत्र में हर स्तर पर भ्रष्टाचार हो सकता है।
- लोकतंत्र में चुनाव जीतने के लिए पैसा पानी की तरह बहाया जाता है जबकि तानाशाही में ऐसा नहीं होता है।

**प्रश्न 10 नीचे दिए गए ब्यौरों में लोकतंत्र की चुनौतियों की पहचान करें। ये स्थितियाँ किस तरह नागरिकों के गरिमापूर्ण, सुरक्षित और शांतिपूर्ण जीवन के लिए चुनौती पेश करती है ? लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए नीतिगत-संस्थागत उपाय भी सुझाएँ।**

**1) उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद उड़ीसा में अनुसूचित जाति एवं गैर अनुसूचित जाति के प्रवेश के लिए अलग-अलग दरवाजा रखने वाले एक मंदिर को एक ही दरवाजे से सबको प्रवेश की अनुमति देनी पड़ी।**

**उत्तर:** यहाँ मुख्य चुनौती जातिवाद है।

**सुझाव :** जिन संस्थाओं के द्वारा जातिवाद को बढ़ावा दिया जाता है, उन्हें प्रतिबंधित करना चाहिए। लोगों में जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कानून बनाना चाहिए।

**2) भारत के विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हैं।**

**उत्तर:** कृषि के लिए आधारभूत सुविधाएँ अपर्याप्त हैं। भारतीय कृषि अभी भी बहुत हद तक मानसून पर निर्भर है।

**सुझाव :** कम ब्याज दर पर किसानों को ऋण दिया जाना चाहिए। कृषि सुविधाओं को बढ़ाना चाहिए तथा किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

**3) जम्मू-कश्मीर के गंडवारा में मुठभेड़ बताकर जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा तीन नागरिकों की हत्या करने के आरोप को देखते हुए इस घटना की जाँच के आदेश दिए गए।**

**उत्तर:** आतंकवाद के नाम पर निर्दोष नागरिकों की हत्या नहीं करनी चाहिए।

**सुझाव :** पुलिस बल को नागरिकों और आतंकवादियों की पहचान की समुचित सूचना होनी चाहिए। नागरिकों में विश्वास बहाली का माहौल बनाना चाहिए। (पुलिस की कार्यवाही को पारदर्शी बनाकर सकारात्मक माहौल बनाना चाहिए।)

**प्रश्न 11 क्या आप सोच सकते हैं कि सरकार कैसे आपके और आपके परिवार के बारे में जानती है ? (उदाहरण-राशन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र) सरकार के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आपके पास कौन-कौन से स्त्रोत हैं ?**

**उत्तर:** सरकार के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए हमारे पास निम्नलिखित स्रोत हैं :

- सूचना का अधिकार
- राजनीतिक नेताओं के द्वारा
- अखबारों और दूरदर्शन पर सरकार द्वारा दिए गए विज्ञापन।
- राजनीति पर आधारित वाद-विवाद
- साहित्यकारों और राजनीतिक विश्लेषकों के लेख

**प्रश्न 12 लोकतंत्र से कौन-कौन से परिणाम अपेक्षित हैं ?**

**उत्तर:**

https://www.evidyarthi.in/

- सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार के आधार पर चुनाव समय-समय पर होने चाहिए।
- चुने गए प्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह हों।
- प्रेस स्वतंत्र हो तथा वह जिम्मेवारी से अपनी भूमिका निभाएँ।
- जनता को मौलिक अधिकार प्राप्त हों।
- देश की एकता, अखण्डता वं संघवाद मजबूत हों।